दिल्ली पुलिस समाचार

अंक-115 मार्च-अप्रैल अंक-2017 पंजी० सं० आर-43037/85 दिल्ली पुलिस की घरेलू पत्रिका



दिल्ली पुलिस देश का सर्वश्रेष्ठ पुलिस बल है इसकी गरिमा व स्तर को बनाए रखें

– केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री श्री किरण रिजिजू

हमें अपनी प्रतिबद्धताओं और उत्तरदायित्वों के प्रति हर पल सजग रहना चाहिएः

– श्री अमूल्य पटनायक, पुलिस आयुक्त



पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने विभिन्न मौकों पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को सम्बोधित करते हुए कहा है कि दिल्ली जैसे महानगर की कानून एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू ढंग से संचालित करना पुलिस के लिए नित नई चुनौती लेकर आता है। हम आने वाली हर चुनौती से सहजता से निपट सकते हैं यदि हमारे अंदर अपने कर्तव्य के प्रति पूर्ण समर्पण और कर्तव्य के प्रति सच्ची निष्ठा हो तथा जनता निःसंकोच आगे बढ़कर पुलिस की मदद करें। हम जनता का विश्वास केवल उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतर कर ही प्राप्त कर सकते हैं। इसीलिए हमें जनता के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं और उत्तरदायित्वों का निर्वाह सजग होकर करना होगा।

आयुक्त महोदय ने कहा है कि पिछलें दिनों दिल्ली पुलिस ने जनहित से जुड़ी कई समस्याओं के निदान के लिए नई मोबाइल एप्स सेवाएँ शुरू की थीं। इसके साथ ही पिछले दिनों कई जिलों की पुलिस ने **''प्रहरी योजना''** को भी अपनी कार्यशैली में शामिल किया और जनता को अधिक से अधिक अपने साथ जोड़ने का एक प्रशंसनीय प्रयास किया। उन्होंने कहा कि मैं चाहूँगा कि थानों में तैनात सभी बीट कांस्टेबल को इन सभी एप्स की जानकारी होनी चाहिए ताकि वे जनता को इन एप्स के फायदों से अवगत करा सकें। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल महोदय ने भी एक बैठक के दौरान इस बात पर विशेष जोर दिया था कि दिल्ली पुलिस ने जिन एप्स को जनता की मदद के लिए शुरू किया है उनकी जानकारी आम नागरिकों तक पहुँचाई जानी चाहिए ताकि नागरिकों को इसका समुचित लाभ मिल सके।

दिल्ली के कई चुनिंदा स्थान अक्सर धरने, विरोध प्रदर्शन, जलूस होने के कारण संवेदनशील हैं तो कुछ महिलाओं/छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए काफी संवेदनशील हैं। इसलिए कुछ थानों को ऑफिसर ओरिएंटेड पुलिसिंग मॉडल थाने में परिवर्तित किया हैं। इन थानों में इंस्पेक्टर–एसआई व एएसआई जिसमें महिला पुलिस अफसर भी शामिल हैं, को पर्याप्त मात्रा में तैनात किया गया है ताकि किसी भी मसले को सौहार्दपूर्ण माहौल में सुलझाने का प्रयास कर सकें।

23 अप्रैल, 2017 को दिल्ली में हुए तीनों निगमों के चुनावों को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराना भी किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं था। परन्तु यह सब आपके कठिन परिश्रम और निरंतर निगरानी का परिणाम था कि दिल्ली के तीनों निगमों के चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न हुए। आप सब एक बार पुनः दिल्लीवासियों का विश्वास अर्जित करने में कामयाब हुए हैं। इसका श्रेय केवल और केवल आपकी अपने कर्तव्य के प्रति निःस्वार्थ निष्ठा, दूरदृष्टिता और उस जज्बे को जाता है जो आप सबमें दिल्ली की जनता की सेवा करने के लिए एक जुनून के रूप में है। यह सब आपकी सतर्कता का ही परिणाम है कि सम्पूर्ण दिल्ली में लगभग एक पखवाड़े तक चले चुनाव प्रचार–प्रसार और चुनाव के दौरान किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हुई। उन्होंने कहा कि दिल्ली में निगम चुनावों को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए मैं, सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को अपनी हार्दिक बधाई देता हूँ और आशा करता हूँ कि भविष्य में भी आप इसी सकारात्मक उर्जा और जोश के साथ काम करते हुए दिल्ली पुलिस द्वारा अर्जित देश के सर्वश्रेष्ठ पुलिस बल के गौरव और सम्मान को यथावत बनाए रखने में अपना शतप्रतिशत योगदान देंगे।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में मानव तस्करी, विशेषकर चाइल्ड ट्रैफिकिंग, महिलाओं/छात्राओं के साथ छेड़खानी, सड़कों पर वाहन चालकों के बीच बढ़ती असहनशीलता, वाहन चोरी, अवैध हथियारों की सप्लाई जैसे मुद्दों पर गंभीरता के साथ निगरानी रखना बहुत जरूरी है। अवैध मादक पदार्थो की सप्लाई से जहाँ हमारी युवा पीढ़ी प्रभावित होती हैं वहीं अवैध हथियारों की सप्लाई से अपराधियों द्वारा हिंसक वारदातों में वृद्धि होती है। इसलिए हमें मादक द्रव्य पदार्थो और अवैध हथियारों की सप्लाई के प्रति ज्यादा चौकन्ना रहने की जरूरत है। नागरिकों में पुलिस की वर्दी का खौफ नहीं बल्कि गर्व और विश्वास होना चाहिए कि हम इस वर्दी के संरक्षण में पूर्णतया सुरक्षित हैं। वर्दी का खौफ केवल अपराधियों में होना चाहिए।

पुलिस आयुक्त महोदय ने कहा कि मैंने विभिन्न मौकों पर इन बातों पर विशेष जोर दिया है कि सदैव चौकसी बरतें, कोई भी ऐसा अपराध जिसे आप रोक सकते हैं, उसे रोकने के लिए हरसंभव प्रयास करें, नागरिकों के मध्य पुलिस की उपस्थिति को सुनिश्चित करें, नागरिकों की शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुनें और उनका समाधान निकालें, शिकायतकर्त्ताओं तथा मदद मांगने आए नागरिकों का उचित मार्गदर्शन व सम्मान करें, नागरिकों को अधिक से अधिक अपनी कार्यशैली में शामिल करें, आदि। एक सच्चे और कर्तव्यनिष्ठ पुलिसकर्मी की यही पहचान है कि अपने दायित्व को पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता और निस्वार्थ भाव से अंजाम दे और नागरिकों के बीच पुलिस की सम्मानजनक और गरिमामयी छवि स्थापित करें।

1166 प्रशिक्षु सिपाही (964 पुरुष – 202 महिला) शपथ ग्रहण कर पुलिस परिवार में शामिल

- 28 अप्रैल, 2017 की शाम पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज, झाड़ौदा कंला में 1166 प्रशिक्षु सिपाहियों की पासिंग आउट परेड सम्पन्न हुई।
- मुख्य अतिथि माननीय केंद्रीय गृहराज्य मंत्री श्री किरण रिजिजू ने परेड की सलामी ली और प्रशिक्षुओं को सम्बोधित किया।
- पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने भी प्रशिक्षुओं का पुलिस परिवार में शामिल होने पर स्वागत किया।
- पूर्वोत्तर राज्यों से विशेषतौर पर भर्ती हुए 299 पुरूष व 134 महिला प्रशिक्षुओं से भारत में विभिन्नता में एकता की झलक परेड का आकर्षण रही।
- प्रशिक्षणार्थियों में हरियाणा से 139, उत्तर प्रदेश–116, दिल्ली–107, असम–86, नांगालैंड–68, मिजोरम–65 राजस्थान–53, मणिपुर–49, सिक्कम–46, अरूणाचल प्रदेश–46, त्रिपुरा–42, मेघायल–31, उत्तराखंड–03, पंजाब–02 तथा केरल राज्य से 02 प्रशिक्षु शामिल हैं।



परेड की सलामी लेते हुए समारोह के मुख्य अतिथि



परेड का निरीक्षण करते हुए मुख्य अतिथि

- प्रशिक्षणार्थियों की शैक्षिक योग्यताः 32 स्नात्कोत्तर, 1 एलएलबी, 18 बीएड्, 382 स्नातक तथा बाकी प्रशिक्षु 12वीं कक्षा पास है।
- महिला प्रशिक्षणार्थियों को भी पुरूषों के समकक्ष प्रशिक्षण दिया गया।
- प्रशिक्षणार्थियों को कानून–व्यवस्था से निपटने, आतंकवादी व असामाजिक तत्वों पर अकुंश लगाने, यातायात व भीड़ नियंत्रित करने का अभ्यास कराया गया।

केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री श्री किरण रिजिजू ने परेड की सलामी लेने के बाद अपने सम्बोधन में दिल्ली पुलिस की प्रशंसा करते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सोच को आगे बढ़ाते हुए विभिन्न राज्यों, विशेषकर पूर्वोत्तर राज्यों के युवाओं को दिल्ली पुलिस ने भर्ती कर भारतीय संस्कृति की विशिष्ट पहचान 'विभिन्नता में एकता' को सार्थकता प्रदान की है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया का केवल सकारात्मक प्रयोग किया जाना चाहिए। मैं, पुलिस परिवार में शामिल हुए नए सदस्यों से कहना चाहूँगा कि वे अपने काम में नई तकनीक का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें और महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों और कमजोर वर्ग के नागरिकों की सुरक्षा के प्रति संवेदनशील रहें। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस सीमित संसाधनों के बावजूद दिल्ली के नागरिकों को बेहतरीन सेवा प्रदान कर रही है। इस मौके पर पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपने अपने कठोर परिश्रम के दौरान अनुशासन, कानून, तकनीक, अपराध, तफ्तीश व व्यवहार आदि के बारे में गहन शारीरिक व मानसिक ज्ञान प्राप्त किया है उसका दिल्ली के नागरिकों की सेवा में अधिक से अधिक उपयोग करते हुए उनका विश्वास जीतें।



परेड समाप्ति के बाद मुख्य अतिथि केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री श्री किरण रिजिजू जी, पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक, विशेष पुलिस आयुक्त (प्रशिक्षण) श्री संजय सिंह, दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं प्रशिक्षण के दौरान श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों का सामूहिक चित्र

ऑफिसर ओरिएंटेड पुलिसिंग मॉडल थाने का उपराज्यपाल द्वारा लोकार्पण



मंच पर आसीन माननीय उपराज्यपाल एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण

12 अप्रैल, 2017 को **उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल** ने **'ऑफिसर ओरिएंटेड पुलिसिंग मॉडल'** थाने में परिवर्तित पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने का उद्घाटन किया। इस मौके पर **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक, विशेष पुलिस आयुक्त श्री पी.कामराज, श्री एस.बी.के. सिंह, श्री मुकेश कुमार मीणा, मुख्य पुलिस प्रवक्ता श्री दीपेन्द्र पाठक, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री अजय चौधरी, उपायुक्त पुलिस नई दिल्ली जिला श्री बी.के.सिंह, अति.उपा.पुलिस श्री आर.पी. मीणा** के अलावा काफी संख्या में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं जिलों के उपायुक्त पुलिस मौजूद थे। उत्तरी जिले के मौरिस नगर थाने को भी ऑफिसर ओरिएंटेड पुलिसिंग मॉडल थाना बनाया जा रहा है। चूंकि पार्लियामैंट स्ट्रीट व मौरिस नगर जैसे संवदेनशील थानों में युवाओं के साथ–साथ विभिन्न मुद्दों को लेकर नागरिक भी अक्सर अपना विरोध प्रदर्शित करते हैं। इसी कारण यहाँ तैनात पुलिसकर्मियों को अतिरिक्त सावधानी व संवेदनशीलता के साथ अपने कर्तव्य का निर्वाह करना होता है। इसलिए इन थानों में इंस्पेक्टर, एसआई व एएसआई पद के कर्मियों की तैनाती अधिक संख्या में होगी। इन थानों में पुरूष व महिला पुलिसकर्मी न केवल पीड़ितों की शिकायतें सुनेंगे बल्कि प्राथमिकता के आधार पर उन पर त्वरित कार्यवाही भी करेंगे। इस मॉडल के तहत इन थानों में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों की संख्या को भी बढ़ाया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उपराज्यपाल महोदय ने सर्वप्रथम पुलिस आयुक्त एवं उनकी टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ''डिजिटल इंडिया'' के तहत दिल्ली पुलिस को भी आधुनिकता के पथ पर अग्रसर करने में अहम् भूमिका निभाई है। उपराज्यपाल महोदय ने कहा कि आधुनिकता के इस दौर में लोगों का काम मोबाइल पर हो जाए और उन्हें थाने आने की जरूरत ही न पड़े इस दिशा में गंभीरता से काम किया जा रहा है, जो कि प्रशंसनीय है। दिल्ली में बड़ी संख्या में युवा विरोध प्रदर्शन करते हैं। मुद्दों को लेकर विरोध प्रकट करना हर नागरिक का लोकतांत्रित अधिकार है। ऐसे में उन्हें नियंत्रित करना और उनसे बेहतर व्यवहार करना पुलिस का कर्तव्य हैं। ऑफिसर ओरिएंटेड पुलिसिंग मॉडल के तहत थानों में पुलिस अधिकारी एवं कर्मी अपनी कार्यशैली में आधुनिक तकनीक के साथ–साथ संवेदनशीलता और व्यवहारकुशलता के साथ विरोध प्रदर्शन करने वालों से निपटते दिखाई देंगे। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने कहा कि पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने में प्रदर्शनकारियों से संवाद स्थापित करने के लिए एक विशेष हॉल बनाया गया है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली जिला में हर वर्ष लगभग 4 हजार से अधिक धरना–प्रदर्शन को नियंत्रित करने में पुलिस को मशक्कत करनी पड़ती है। अब पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने में 7 इंस्पेक्टर, 27 सब–इंस्पेक्टर (पुरूष) व 10 महिला सब–इंस्पेक्टर सहित कुल 287 पुलिसकर्मियों की तैनाती होगी जो प्रदर्शनकारियों से निपटने में अहम भूमिका निभायेंगे। पार्लियामेंट थाने में प्रवेश करते ही पुलिस वर्दी की जगह पिंक साड़ी में महिला पुलिस ऑफिसर आगंतुक की बात को सुनते हुए उसका उचित मार्गदर्शन एवं सहायता प्रदान करेंगी।



गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण करते हुए माननीय उपराज्यपाल



मॉडल थाने के रूप में परिवर्तित पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने का उद्घाटन करते हुए माननीय उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल



ऑफिसर ऑरियंटेड पुलिस थाने के स्वागत कक्ष का निरीक्षण करते हुए माननीय उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल

दिल्ली महिला पुलिसकर्मियों के लिए 'नाम शबाना' फिल्म का विशेष शो आयोजित





27 मार्च, 2017 की शाम कनॉट प्लेस स्थित प्लाजा मल्टीप्लेक्स में दिल्ली पुलिस की महिला कर्मियों के लिए **'नाम शबाना'** फिल्म का विशेष शो आयोजित किया गया। फिल्म के निर्माता व अभिनेता **श्री अक्षय कुमार** की मौजूदगी में दिखाई गई इस फिल्म के शो के दौरान **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक, दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक, वरिष्ठ उपाध्यक्षा डॉ0 सुशी सिंह** के अलावा समिति की अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित थी। इस मौके पर दिल्ली पुलिस की कई महिला उच्चाधिकारियों जिनमें उपायुक्त पुलिस व सहायक आयुक्त पुलिस के अलावा करीब 150 महिला पुलिसकर्मी भी मौजूद थीं। श्री शिवम् नायर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में श्री अक्षय कुमार के अलावा श्री अनुपम खेर, सुश्री तापसी पन्नू, श्री मनोज वाजपेई व श्री पृथ्वीराज सुकुमारन जैसे अनुभवी कलाकारों ने अपने अभिनय का लोहा मनवाया है। महिला सशक्तिकरण पर आधारित इस फिल्म को महिला पुलिसकर्मियों को दिखाने का उद्देश्य उन्हें प्रोत्साहित करना था। इस मौके पर श्री अक्षय कुमार ने कहा कि मैं साहसी महिला पुलिसकर्मियों के साथ फिल्म देखने को लेकर काफी उत्साहित था और इसका मैंने भरपूर आनंद उठाया।

उपायुक्त पुलिस कार्यालय, शाहदरा जिला की नई बिल्डिंग का उद्घाटन

28 मार्च, 2017 को पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने पुलिस उपायुक्त कार्यालय शाहदरा जिला की नई बिल्डिंग का उद्घाटन किया। इस **अवसर पर विशेष पुलिस आयुक्त श्री पी.कामराज, श्री एस.बी.के.सिंह,श्री अरविंद दीप, श्री दीपेन्द्र पाठक, श्री आर.एस.कृष्णैया, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री ए.के.सिंह, श्री रविन्द्र यादव, श्री सतीश गोलचा, श्री आर.पी. उपाध्याय, उपायुक्त पुलिस शाहदरा श्रीमती नुपुर प्रसाद, उपायुक्त पुलिस उत्तर–पूर्वी जिला श्री ए.के.सिंगला** व **उपायुक्त पुलिस पूर्वी जिला श्री ओमबीर सिंह बिश्नोई** सहित काफी संख्या में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं तीनों जिलों के एसीपी व थानाध्यक्षों के साथ–साथ क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।



पुलिस उपायुक्त कार्यालय शाहदरा जिला की नई बिल्डिंग का उद्घाटन करते हुए पुलिस आयुक्त

नवनिर्मित बिल्डिंग का उद्घाटन करने के उपरांत उपस्थित पुलिस अधिकारियों/कर्मियों तथा गणमान्य नागरिकों को सम्बोधित करते हुए पुलिस **आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने कहा कि पुलिस व जनता के आपसी समन्वय और विश्वास से ही अपराधों पर लगाम लगाई जा सकती है। पुलिस अपराधों को रोकने और जनता की सेवा करने के लिए पूरा प्रयास करती है और यदि इस प्रयास में आम जनता का सहयोग भी शामिल हो जाए तो निःसंदेह पुलिस को अपने कामों में सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि बढ़ती आबादी और समय की मांग को ध्यान में रखते हुए यमुनापार क्षेत्र में एक और नये जिले की जरूरत थी। उपायुक्त पुलिस कार्यालय का उद्घाटन करते हुए उन्होंने अपनी खुशी का इज़हार किया और कहा कि आज जिस यमुनापार इलाके में मैं, पुलिस आयुक्त के तौर पर उपायुक्त पुलिस कार्यालय का उद्घाटन कर रहा हूँ उसी इलाके में मैं, उपायुक्त पुलिस के तौर पर अपनी सेवाएँ दे चुका हूँ। उन्होंने नवनिर्मित उपायुक्त पुलिस कार्यालय में उपलब्ध विभिन्न आधुनिक सुख–सुविधाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहाँ पुलिसकर्मियों और नागरिकों को दोस्ताना माहौल मिलेगा और शाहदरा जिले का नेतृत्व कर रही युवा आईपीएस अधिकारी नुपुर प्रसाद भी अपनी बेहतर पुलिसिंग का परिचय देंगी। उपायुक्त पुलिस श्रीमती नुपुर प्रसाद ने संक्षिप्त तौर पर शाहदरा जिला के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि दिल्ली का पहला वाई–फाई युक्त कार्यालय हैं जहां छात्र/छात्राओं के लिए लाइब्रेरी और इंडोर गेम आदि की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि उपायुक्त पुलिस कार्यालय परिसर में जहाँ बच्चों के लिए विशेष पार्क बनाया गया हैं वहीं लाइब्रेरी में वरिष्ठ नागरिकों के लिए धार्मिक और साहित्य से जुड़ी पुस्तकें मुहैया कराई गई हैं वहीं छात्र/छात्राओं के लिए कानून की किताब, मैगजीन, समाचार पत्र उपलब्ध कराने के साथ–साथ कुर्सी, टेबल, पंखा, ठंडे पानी जैसी मूलभूत सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई गई है।



शाहदरा जिला उपायुक्त पुलिस कार्यालय परिसर में वाई-फाई सुविधा का उद्घाटन करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक

लापता एवं अपहृत बच्चों की खोज़ में रोहिणी पुलिस की एक यादगार मुहिम

77 लापता बच्चों को ढूढ़ने में अहम् भूमिका निभाने वाले तीन पुलिसकर्मी पुलिस आयुक्त द्वारा असाधारण कार्य पुरस्कार से सम्मानित।



पुलिस टीम को शाबाशी और मीडिया कर्मियों को विस्तृत जानकारी देते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक

11 अप्रैल, 2017 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने रोहिणी जिला के थाना विजय विहार थानाध्यक्ष **अभिनेन्द्र जैन, एसआई दिव्या मान** तथा **एसआई अनुज** को उनके एक जनकल्याण से जुड़े अविस्मरणीय कार्य को पूरा करने में दिखाई गई उच्च स्तर की पेशेवर निपुणता, अतिरिक्त उत्साह व काम के प्रति सच्ची निष्ठा के लिए असाधारण कार्य पुरस्कार से सम्मानित किया। इंस्पेक्टर अभिनेन्द्र जैन, एसआई दिव्या मान तथा एसआई अनुज ने वर्ष 2011, 12, 13, 14 व 15 के दौरान थाना विजय विहार इलाके से लापता व अपहृत हुए 82 बच्चों में से 77 बच्चों को सकुशल बरामद कर सभी पीड़ित परिवारों के चेहरों पर खुशी की चमक लाने में अहम् भूमिका निभाई है। पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक संक्षिप्त समारोह में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं मीडियाकर्मियों के अलावा बरामद किये गये 77 बच्चों के परिजन भी इस खुशी का हिस्सा बनें। इस अवसर पर **विशेष पुलिस आयुक्त, कानून एव व्यवस्था (उत्तरी परिक्षेत्र) श्री एस.बी.के सिंह, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री राजेश खुराना, उपायुक्त पुलिस श्री ऋषिपाल व एसीपी उमेश सिंह** भी उपस्थित थे। लगभग 4 लाख वाली आबादी वाले विजय विहार में अधिकांश अवैध कॉलोनियों के अलावा रोहिणी के कुछ सैक्टर शामिल हैं। जिसकी अधिकांश आबादी फैक्ट्री मजदूर, रिक्शाचालक, रेहडी पटरी पर सामान विक्रेता और दिहाड़ी मजदूरों की हैं जो अपने बच्चों को सुशिक्षित और एक जिम्मेदार शहरी बनाने के लिए आवश्यक संसाधनों से वंचित रहते हैं। इसीलिए बच्चों के अपहृत होने, लापता होने या घरों से फरार होने पर केवल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कराने के अतिरिक्त इस संबंध में ज्यादा प्रयास नहीं कर पाते। पुलिसकर्मियों ने इस सामाजिक समस्या को समझा और इस संबंध में कुछ अलग करने का निश्चय किया। अभी कुछ वर्ष पूर्व अपने प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण का एक हिस्सा रहे लापता/अपहृत एवं घरों से फरार रहे बच्चों की खोज में पुलिस की भूमिका और उनके प्रति एक विनम्र भाव रखने की पुलिसकर्मियों को भूमिका को ध्यान में रखते हुए थानाध्यक्ष अभिनेन्द्र जैन, एसआई दिव्या मान और एस आई अनुज ने कुछ अलग करने की ठानी। इन पुलिसकर्मियों ने सिविल ड्रैस में अपने इलाके में रहने वाले बहुत सारे पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनका विश्वास अर्जित करते हुए ऐसे बच्चों का एक रिकार्ड तैयार किया। पुलिस टीम ने किराये पर रहने वाले पीड़ित परिवारों के नए निवास, ऐसे बच्चों के पड़ोसियों, दोस्तों, स्कूल के सहपाठियों पर ध्यान केन्द्रित किया और उन्हें अपने विश्वास में लेकर पीड़ितों के मिलने के संभावित ठिकानों का पता लगा कर उन तक पहुंचने में सफलता पाई। पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने इंस्पेक्टर अभिनेन्द्र जैन, एसआई दिव्या मान तथा एसआई अनूज के साथ–साथ इस टीम में शामिल अन्य पुलिसकर्मियों को इस नेक काम की शाबाशी देते हुए समुचित पुरस्कार स्वीकृत करने की घोषणा की।



अनुशासन के प्रति कठोरता परन्तु मानवता के प्रति विनम्रता का एक शानदार क्षण




पीड़ित परिवारों के चेहरे की मुस्कान ही हमारा पुरस्कार है।

पुलिस आयुक्त ने एडवांस हिम्मत एप व स्पेशल पुलिस यूनिट फॉर वूमेन एंड चिल्ड्रेन की वेबसाइट को रीलॉंच किया




13 अप्रैल, 2017 को पुलिस मुख्यालय में **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने **'एडवांस हिम्मत एप'** व **स्पेशल पुलिस यूनिट फॉर वूमेन एंड चिल्ड्रेन** की वेबसाइट को रीलॉंच किया। इस मौके पर विशेष पुलिस आयुक्त श्री पी.कामराज, विशेष पुलिस आयुक्त एवं मुख्य पुलिस प्रवक्ता श्री दीपेन्द्र पाठक, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री रोबिन हिबू उपायुक्त पुलिस (आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ) श्रीमती वर्षा शर्मा, उपा. पुलिस श्री संजय भाटिया, उपा.पुलिस ईशा पांडेय, एसीपी श्रीमती सुनीता शर्मा सहित यूनिट के कई अधिकारीगण उपस्थित थे। इस मौके पर भारी संख्या में उपस्थित प्रिंट एव इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के संवाददाताओं को सम्बोधित करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने बताया कि 1 जनवरी, 2014 को केंद्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली पुलिस द्वारा दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा के लिए शुरू किये **'हिम्मत एप'** का उद्घाटन किया था। समय की जरूरत के हिसाब से हिम्मत एप की समीक्षा की गई तो उसमें पाया कि इसके पंजीकरण में कुछ समस्याएँ है और इस एप के कारगर उपयोग के लिए उन समस्याओं को दूर किया जाना जरूरी है। पहले इस एप पर केवल एंड्रायड फोन पर अंग्रेजी भाषा ही डाउनलोड की जा सकती थी परन्तु अब इसका सरलीकरण किया गया है। अब हिम्मत एप को एंड्रायड फोन के अलावा एप्पल फोन के साथ अन्य मोबाइल फोन पर हिन्दी भाषा में डाउनलोड किया जा सकेगा। दिल्ली पुलिस की इस महत्वाकांक्षी पहल का महिलाएँ ज्यादा से ज्यादा फायदा उठा सकें और महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों को कम किया जा सके। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए हिम्मत एप का सरलीकरण किया गया है। पुलिस आयुक्त ने स्पेशल पुलिस यूनिट फॉर वूमेन एंड चिल्ड्रेन शाखा की पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि अब हिम्मत एप पर पंजीकरण करना और उसका इस्तेमाल करना पहले की अपेक्षा ज्यादा आसान हो गया है। हिम्मत एप के सरल उपयोग की जानकारी महिलाओं तक पहुँचाने के लिए समाचार पत्रों में विज्ञापन भी प्रकाशित किये गये हैं।





उपायुक्त पुलिस वर्षा शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक 'इवेस्टिगेशन ऑफ क्राइम अगेंस्ट वूमन' का पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक द्वारा पुलिस मुख्यालय में विमोचन





पुलिस मुख्यालय में एडवांस हिम्मत एप व स्पेशल पुलिस यूनिट फॉर वूमेन एंड चिल्ड्रेन की वेबसाइट के रीलॉंच के मौके पर पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने तत्कालीन उपायुक्त पुलिस (स्पेशल पुलिस यूनिट फॉर वूमेन एंड चिल्ड्रेन) द्वारा लिखित पुस्तक इवेस्टिगेशन ऑफ क्राइम एगेंस्ट वूमन का विमोचन किया। इस पुस्तक में महिलाओं से जुड़े अपराधों की जाँच में बरती जाने वाली संवेदनशीलता, सावधानी एवं साक्ष्यों आदि के बारे में विस्तार से उल्लेख किया गया है। इसके अलावा समय समय पर माननीय उच्चतम न्यायलय एवं उच्च न्यायलय द्वारा महिला अपराधों से जुड़े मामलों में दिये गये फैसलों के साथ–साथ दिल्ली पुलिस द्वारा महत्वपूर्ण मामलों में दायर की गई चार्जशीट की जानकारियों को भी इस पुस्तक में शामिल किया गया है। इसके साथ ही स्थाई आदेश, परिपत्र व कानूनी प्रक्रिया के बारे में भी गहन जानकारी दी गई है। पुलिस आयुक्त महोदय ने पुस्तक की लेखिका उपायुक्त पुलिस श्रीमती वर्षा शर्मा की प्रशंसा करते हुए पुस्तक को काफी उपयोगी बताया।

प्राइवेट सुरक्षा गार्डो एवं चौकीदारों की मदद से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो सकती है।

– पुलिस आयुक्त, श्री अमूल्य पटनायक



दिल्ली में अपराधों की रोकथाम और मजबूत कानून–व्यवस्था बनाए रखने को मद्देनज़र रखते हुए 7 अप्रैल, 2017 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने दक्षिण–पूर्वी जिला में **'प्रहरी योजना'** का शुभारंभ किया है। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री पी. कामराज, श्री दीपेन्द्र पाठक, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री आर.पी. उपाध्याय, श्री सतीश गोलचा, उपायुक्त श्री रोमिल बानिया पुलिस प्रवक्ता श्री मधुर वर्मा** सहित भारी सख्या में दक्षिण–पूर्वी परिक्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। न्यू गोविन्दपुरी मेट्रो स्टेशन के निकट एनएसआईसी मैदान में आयोजित प्रहरी योजना के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने सुरक्षा प्रहरियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि दिल्ली में निरंतर बढ़ती आबादी के कारण अपराधों में वृद्धि होने के साथ–साथ सुचारू कानून–व्यवस्था बनाए रखना पुलिस के लिए नित् नई चुनौती होती है। उन्होंने कहा कि विभिन्न संस्थाओं में सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा संभाल रहे इन चौकीदारों और सुरक्षा गार्डो की मदद से सुरक्षा व्यवस्था को न केवल बेहतर किया जा सकता है, बल्कि समय पर सूचना मिलने से अपराध पर अकुंश लगाया जा सकता है और कई बार अपराध घटित होने से पूर्व ही अपराधियों को पकड़ा जा सकता है। पुलिस आयुक्त महोदय ने कहा कि कई बार सुरक्षा गार्डो और चौकीदारों की सजगता व साहस के कारण कई बदमाशों को पकड़ने और अपराधों को रोकने में पुलिस कामयाब हुई है। दो दिन का विशेष प्रशिक्षण देकर प्रहरी योजना में शामिल किये गये सुरक्षा गार्डो और चौकीदारों से अपील की गई कि वे सभी दिल्ली पुलिस की इस जनहित पहल के साक्षी बनें और दिल्ली को अपराध मुक्त बनाने में अपना योगदान दें। संयुक्त पुलिस आयुक्त (दक्षिण–पूर्वी परिक्षेत्र) श्री आर.पी. उपाध्याय ने प्रहरी योजना के उद्देश्य और पंजीकृत किये गये सुरक्षा गार्डो व चौकीदारों के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि पुलिस अपने साथ शामिल किये गये पंजीकृत सुरक्षा गार्डो और चौकीदारों की मदद से नागरिकों की सुरक्षा हेतु और अधिक सार्थक कदम उठा सकेगी। इस मौके पर **उपायुक्त पुलिस श्री रोमिल बानिया** ने प्रहरी योजना में शामिल हुई महिला व पुरूष चौकीदार/सुरक्षा गार्डो को शपथ दिलाई और उन्हें आश्वासन दिया कि वे रात हो या दिन किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल बीट अफसर, डिविजन अफसर या थानाध्यक्ष को दे सकते हैं और पुलिस उनकी मदद के लिए भी तत्पर रहेगी।





कार्यक्रम में 1000 से ज्यादा सुरक्षा प्रहरी शामिल हुए जिन्हें पहचान पत्र व एक प्रहरी सुरक्षा किट दी गई। प्रहरी सुरक्षा किट में एक लाठी, रिफलेक्टिव जैकेट, टार्च, टोपी,सीटी व फोन बुकलेट दी गई।

प्रहरी योजना के तहत शामिल किये गये चौकीदारों/सुरक्षा गार्डो की मदद से पुलिस व जनता के बीच की दूरी को कम किया जा सकता है।

पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने विभिन्न मौकों पर साहस व सजगता का परिचय देकर अपराधियों को पकड़वाने में पुलिस की मदद करने वाले 12 सुरक्षा प्रहरियों को सम्मानित किया।

दक्षिण-पूर्वी जिला में प्रहरी योजना के तहत 1780 चौकीदारों और सुरक्षा गार्डो को शामिल किया गया।

दिल्ली में विभिन्न कंपनियों, एटीएमों, अस्पतालों, संस्थानों, मैट्रो स्टेशनों, व्यस्त बाजारों स्कूलों, पैट्राल पम्पों, व बैंकों आदि में तैनात प्राइवेट सुरक्षा गार्ड पुलिस की आँख व कान बनकर काफी मददगार साबित हो सकते हैं।

इस मौके पर कई महिला एवं पुरूष सुरक्षा प्रहरियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस योजना से सुरक्षा गार्डो/चौकीदारों में आत्मविश्वास व आत्मसम्मान बढ़ेगा, पुलिस की ताकत बढ़ेगी और पुलिस के काम के स्तर में भी इज़ाफा होगा।

नोबेल पुरस्कार विजेता श्री कैलाश सत्यार्थी ने पुलिस आयुक्त से भेंट कर कालकाजी पुलिस थाने की टीम को धन्यवाद दिया।



पुलिस मुख्यालय में नोबल पुरस्कार विजेता श्री कैलाश सत्यार्थी एवं उनकी धर्मपत्नी, दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तथा सम्मानित पुलिस टीम के सदस्य

18 अप्रैल, 2017 को नोबेल पुरस्कार विजेता **श्री कैलाश सत्यार्थी** ने पुलिस मुख्यालय में **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। उनकी इस शिष्टाचार भेंट का उद्देश्य 7 फरवरी 2016 को कालकाजी स्थित अरावली अपार्टमैंट के उनके घर से चोरी हुए नोबेल पुरस्कार की रेप्लिका (प्रतिकृति), प्रशंसा पत्र एवं अन्य कीमती सामान को बरामद करने वाली पुलिस टीम को धन्यवाद देना था। श्री सत्यार्थी ने कालकाजी पुलिस टीम द्वारा की गई त्वरित कार्यवाही की प्रशंसा करते हुए इस मामले को सुलझाने पर पुलिस आयुक्त के प्रति भी अपना आभार प्रकट किया। इस मौके पर **श्री कैलाश सत्यार्थी** की **धर्मपत्नी, विशेष पुलिस आयुक्त श्री पी. कामराज, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री आर.पी. उपाध्याय, उपायुक्त पुलिस श्री रोमिल बानिया, एसीपी श्री अमित गोयल** तथा **थानाध्यक्ष कालकाजी वेदप्रकाश** एवं उनकी टीम के सदस्य उपस्थित थे।



कालकाजी थानाध्यक्ष वेदप्रकाश को विशेष रूप से धन्यवाद देते हुए श्री कैलाश सत्यार्थी

पुलिस आयुक्त के विवेकाधीन आपात अनुदान कोष के लिए तहत 2 करोड़ रुपये राशि आवंटित

8 मार्च, 2017 को लेखा शाखा, पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी एक परिपत्र के अनुसार गृहमंत्रालय के पत्र संख्या 14011/31/2011/यूटीपी दिनांक 23.09.2016, इंटर एलिया के अनुसार पुलिस आयुक्त, दिल्ली के विवेकाधीन अनुदान कोष में 2 करोड़ रूपये जरूरतमंद पुलिसकमियों को वित वर्ष 2016–17 के दौरान आवंटन हेतु स्वीकृत किये गये हैं। इस कोष के तहत पुलिस आयुक्त, दिल्ली अपने विवेक का प्रयोग करते हुए किसी भी जरूरतमंद पुलिसकर्मी को मृत्यु, गंभीर बीमारी, सरकारी दायित्व निर्वहन के दौरान शारीरिक हानि, आकस्मिक आपदा जैसे बाढ़, आग आदि से घर नष्ट होने की स्थित में आर्थिक मदद स्वीकृत कर सकते हैं। इस विवेकाधीन कोष की विशेषता यह भी है कि ऐसी किसी परिस्थिति में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी पुत्री की शादी के समय कुछ विशेष आर्थिक समस्याएँ उत्पन्न होने पर अनुदान के लिए पुलिस आयुक्त से आग्रह कर सकता है। इस कोष से अनुदान प्रदान करने की सक्षमता को विभागाध्यक्ष के लिए 2500 रुपये से बढ़ाकर 25000 रुपये और कार्यालयाध्यक्ष के लिए 500 रुपये से बढ़ाकर 10 हजार रुपये किया गया है।

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति ने महिलाओं में आर्थिक साक्षरता के लिए जागरूकता लाने और मुगल गार्डन दर्शन कराने की व्यवस्था की।



समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक का स्वागत करते हुए एसीपी सीमा सिंह

8 मार्च, 2017 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर **दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति** ने दिल्ली पुलिस की लगभग 155 पुलिस कॉलोनियों में रहने वाली महिलाओं हेतु 10 मार्च, 2017 को एचडीएफसी बैंक की टीम की मदद से आर्थिक साक्षरता की जागरूकता लाने के लिए कार्यक्रम आयोजित कर तथा राष्ट्रपति भवन में मुगल गार्डन के दर्शन की निःशुल्क व्यवस्था कर सराहनीय कार्य को अंजाम दिया है। इन दोनों कार्यक्रमों को समस्त दिल्ली पुलिस परिवारों ने दिल से सराहा और दिल्ली पुलिस परिवार समिति की पदाधिकारियों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की। दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक के नेतृत्व में आयोजित इन दोनों विशाल कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक अंजाम देने में समिति की वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ0 सुशी सिंह व टीम की अन्य सदस्यों ने सार्थक भूमिका निभाई। दिल्ली पुलिस परिवारों से जुड़ी महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनाने के लिए एचडीएफसी बैंक की टीम ने बैकिंग के आसान व साधारण तरीकों से अवगत कराया। इस मौके पर समिति की **अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक** ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का वास्तविक स्वरूप उनके आर्थिक तौर पर स्वालवम्बी होने पर पर ही दृष्टिगत होता है। उन्होंने कहा कि मैं महिला दिवस के मौके पर समिति की पदाधिकारियों एवं अन्य स्टाफ की उनके द्वारा किये गये प्रयास के लिए तहेदिल से प्रशंसा करती हूँ।



मुगल गार्डन घूमने आये पुलिस परिवार के सदस्यों के साथ समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक, उपाध्यक्ष डॉ. सुशी सिंह एवं संयुक्त पुलिस आयुक्त (राष्ट्रपति भवन) श्रीमती शालिनी सिंह तथा एसीपी सीमा सिंह।

दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति के अनुकरणीय प्रयासों से दिल्ली पुलिस के लगभग 1600 परिवारों की महिलाओं और बच्चों को 33 बसों की सुविधा उपलब्ध कराते हुए राष्ट्रपति भवन स्थित मुगल गार्डन व संग्रहालय के दर्शन कराये। इस मौके पर समिति की अध्यक्षा और उपाध्यक्षा ने अपने उदार हृदय का परिचय देते हुए पुलिस परिवारों के बच्चों को उपहार भी भेंट किये। समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक, उपाध्यक्षा डॉ0 सुशी सिह एवं टीम लीडरों ने एक गैर सरकारी संगठन के साथ मिलकर महिलाओं में आत्मसम्मान की अनुभूति को और मजबूत करने के लिए एक स्ट्रीट प्ले कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस मौके को यादगार और मनोरंजक बनाने के लिए समिति ने महिलाओं और बच्चों को कैप, बैज़, कलाईबैंड और पिक्चर भी उपलब्ध कराये। समिति की पदाधिकारियों एवं टीम लीडरों ने पुलिस परिवारों की महिलाओं और बच्चों को शिक्षा की सुविधाएँ उपलब्ध कराने, जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने और उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में निपुण बनाने के अपने संकल्प को दोहराया और इसके लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन भी दिया।



समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रपति भवन स्थित मुगल गार्डन एवं संग्राहलय दर्शन के बाद पुलिस कॉलोनी अहाता किदारा, द्वारका व नरेला की महिलाएं व बच्चे प्रफुल्लित मुद्रा में।

दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास से मनाया

दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक के नेतृत्व में समिति की पदाधिकारियों एवं सहयोगियों ने 8 मार्च को पुलिस कॉलोनी मॉडल टाऊन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पूरे हर्षोल्लस के साथ मनाया। इस मौके पर पुलिस कॉलोनी मॉडल टाऊन में रहने वाले पुलिस परिवारों की महिलाएं भी उपस्थित थीं। महिला सशक्तिकरण की तरफ बढ़ता समिति का यह प्रशंसनीय एवं सार्थक कदम था।



क्रिकेटर युवराज सिंह की संस्था यूवीकैन व दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति द्वारा स्वास्थ्य जांच कैम्प आयोजित

8 मार्च, 2017 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर दिल्ली पुलिस ने कई कार्यक्रम आयोजित किये। मॉडल टाउन पुलिस कॉलोनी में स्थित सामुदायिक भवन में **क्रिकेटर युवराज सिंह** की संस्था यूवीकेन और दिल्ली पुलिस ने संयुक्त रूप से मिलकर स्वास्थ्य जाँच कैंप लगाया। इस स्वास्थ्य जाँच कैंप में 200 से ज्यादा महिला पुलिसकर्मियों की ब्रेस्ट कैंसर और गायनोकॉलोजिक समस्याओं की जॉच की गई। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त ऑपरेशन व प्रवक्ता दिल्ली पुलिस श्री दीपेन्द्र पाठक, यूवीकेन संस्था की ट्रस्टी श्रीमती शबनम, उपायुक्त पुलिस (पीसीआर) श्रीमती मोनिका भारद्वाज** भी उपस्थित थी।



उल्लेखनीय सेवाओं के लिए दिल्ली पुलिस के 11 पुलिसकर्मी दिल्ली महिला आयोग द्वारा सम्मानित

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर दिल्ली महिला आयोग ने दिल्ली पुलिस के 11 पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया। इस विशेष मौके पर **केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी, दिल्ली महिला आयोग** की **अध्यक्ष सुश्री स्वाति मालीवाल, ओलम्पिक पदक विजेता सुश्री साक्षी मलिक** और **विशेष पुलिस आयुक्त श्री संजय बेनीवाल** भी मौजूद थे। समाजहित में बेहतरीन काम करने वालों में **एएसआई अरविंद, एएसआई महेन्द्र सिंह, एएसआई चोखेलाल, हैड कां0 भारती, हैडकां0 जगदीश, हैडकां0 मुरारी लाल, कां0 नवीन कुमार दिवंगत कां0 आनंद सिंह, कां0 कपिल** व **प्रवीण कुमार** को कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया गया। इसके अलावा दिल्ली पुलिस ने स्वयं सेवी संस्था आरोहण के साथ मिलकर मालवीय नगर में गरीब छात्राओं और उनकी माताओं को निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया। हैडकां0 भारती ने इन छात्राओं और महिलाओं को सड़क पर, बसों, मैट्रो, बाजारों में छेड़छाड़ या रेप से बचने के लिए आत्मरक्षा के अनेक गुर सिखाए जिनसे वे अपनी आत्मरक्षा कर सकती है। इन छात्राओं/महिलाओं को बताया गया कि कैसे रोजमर्रा की चीज़ों जैसे पेन, बुक्स, चम्मच, प्लेट के उपयोग व उंगलियों, मुक्के या पैरों आदि की मदद से अपराधी पर हमला कर अपनी सुरक्षा कर सकती है। प्रशिक्षण ले रही सभी छात्राओं और महिलाओं को दिल्ली पुलिस की हेल्पलाइन **"हिम्मत"** ऐप डाउनलोड करने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस मौके पर आरोहण संस्था की संस्थापिका सुश्री रानी पटेल ने बताया कि उनकी संस्था **'बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ'** की मुहिम में काफी सक्रियता के साथ काम कर रही है।





ओलम्पिक पदक विजेता सुश्री साक्षी मलिक से सम्मान पत्र प्राप्त करती हुई हैड कां. भारती

जर्मन पर्यटक पर हमला करने वाले बदमाशों को दबोचने वाली पुलिस टीम पुलिस आयुक्त द्वारा सम्मानित



पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने 11 अप्रैल, 2017 को उत्तरी जिला के थाना कोतवाली इलाके में एक जर्मन पर्यटक पर हमला करने वाले दो हमलावरों को 24 घंटों के अन्दर गिरफ्तार करने में दिखाई गई तत्परता और पेशेवर निपुणता के लिए टीम के सदस्यों को शाबाशी देते हुए उनके उत्कृष्ट कार्य की सराहना की। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था उत्तरी परिक्षेत्र) श्री एस.बी.के. सिंह, संयुक्त पुलिस आयुक्त (मध्य परिक्षेत्र) श्री वीरेन्द्र सिंह, उपायुक्त पुलिस (उत्तरी जिला) श्री जतिन नरवाल, अति.उपा.पुलिस श्री हरेन्द्र सिंह, एसीपी श्री चन्द्र कुमार, थानाध्यक्ष कोतवाली ओमप्रकाश लेखपाल, लालकिला चौकी प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार व एसआई पंकज तोमर** के साथ–साथ टीम में शामिल अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। दो वर्ष के लिए भारत भ्रमण पर आए जर्मन निवासी 19 वर्षीय बेंजामिन स्कल्ट 7 अप्रैल की रात लक्ष्मी नगर से चांदनी चौक मैट्रो स्टेशन पहुंचे और अमृतसर जाने के लिए लाल किला से बस पकड़ने के लिए एक रिक्शा में सवार हो गये थे। रिक्शा चालक रिजवान उसे लालकिला की तरफ ले जाने के बजाय हनुमान मन्दिर पुल से गीता कॉलोनी लूप की तरफ ले गया और अपने एक साथी के साथ मिलकर उसे लूटने का प्रयास किया। ब्लैक बेल्टधारी जर्मन छात्र दोनों बदमाशों से भिड़ गया। बदमाशों ने स्वयं को घिरा देखकर बेंजामिन स्कल्ट पर सर्जिकल ब्लेड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। दो राहगीरों ने बेंजामिन स्कल्ट को अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचित किया। विदेशी पर्यटक पर हमले की सूचना मिलने पर कोतवाली थानाध्यक्ष ओमप्रकाश लेखपाल ने तत्काल कार्यवाही करते हुए कई अनुभवी पुलिसकर्मियों को हमलावरों की तलाश में लगा दिया। पुलिस टीम कुछ घंटों की अथक मेहनत और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से दोनों हमलावरों तक पहुंची और उन्हें गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने पुलिस आयुक्त से इस हमले की विस्तृत जानकारी मांगी थी।

सूत्रहीन हत्याकांड को सलुझाने वाली पुलिस टीम को पुलिस आयुक्त ने शाबाशी दी



10 मार्च, 2017 को पुलिस आयुक्त दिल्ली ने दक्षिण–पूर्वी जिला के थाना जैतपुर की एक पुलिस टीम को अपने कार्यालय में बुलाकर शाबाशी देते हुए इसी तरह मेहनत और जोश के साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। जैतपुर **थानाध्यक्ष रामनिवास** के नेतृत्व में **इंस्पेक्टर अनवर खान, इंस्पेक्टर रामशाह, एसआई विष्णुदत्त, एसआई राजीव कुमार, एसआई अरविंद कुमार, एएसआई भगवान सिंह, कां0 मुखत्यार,कां0 पुरूषोतम तथा महिला कां0 अनिता** ने इलाके में हुई हत्या के एक मामले को सुलझा कर एक महिला सहित चार व्यक्तियों को गिरफ्तार करने में शानदार भूमिका निभाई थी। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री पी.कामराज, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री आर.पी. उपाध्याय, उपायुक्त पुलिस रोमिला बानिया, एसीपी सरिता विहार ओमप्रकाश** भी उपस्थित थे। इस सूत्रहीन हत्याकांड में एक महिला ने अपने पति अर्जुन कुमार व उसके दो दोस्तों के साथ मिलकर अपने प्रेमी विकास मिश्रा की हत्या का षडयंत्र रचा था और उसे बहाने से नोएडा के निकट एक निर्जन स्थान पर ले जाकर हत्या कर दी थी। पुलिस टीम ने पूरे घटनाक्रम की कड़ियों को बड़ी सावधानी से जोड़ा और हत्यारों तक पहुंचने में कामयाब हुई।

बदमाशों के साथ हुई भिडंत में अदम्य साहस का परिचय देने वाले पुलिसकर्मी पुलिस आयुक्त द्वारा सम्मानित



27 अप्रैल, 2017 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने थाना कीर्ति नगर में तैनात **हैडकां0 विजय कुमार** एवं **कां0 संदीप** द्वारा बदमाशों के साथ हुई भिडंत में अदम्य साहस का परिचय देने पर पीठ थपथपा कर प्रोत्साहित किया। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री पी.कामराज, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री सतीश गोलचा, उपायुक्त पुलिस पश्चिमी जिला श्री विजय कुमार** व समय पर पहुंच कर दोनों पुलिसकर्मियों की मदद करने वाले थानाध्यक्ष कीर्ति नगर अनिल कुमार शर्मा भी उपस्थित थे। 25 अप्रैल की मध्य रात्रि में हैडकां0 विजय कुमार व कां0 संदीप इंडस्ट्रियल एरिया में गश्त कर रहे थे कि एक स्विफ्ट कार में सवार 5 युवकों को संदिग्ध हालात में घूमते हुए देखा। पुलिसकर्मियों ने कार रूकवा कर तलाशी देने के लिए कहा तो अचानक ड्राइवर व सभी अन्य बदमाश दरवाजा खोल कर बाहर आए और पुलिसकर्मियों से धक्का–मुक्की करने लगे। इसी बीच दिलशाद नामक बदमाश ने पिस्टल निकाल कर कां0 संदीप पर गोली दाग दी। फुर्ती के साथ स्वयं को बचाते हुए कां0 संदीप बदमाश पर टूट पड़े और इसी बीच हैडकां0 विजय ने बदमाश से पिस्टल छीन ली। गोली की आवाज सुनकर निकट की झुग्गियों में रहने वाले लोग भी पुलिसकर्मियों की मदद के लिए बाहर निकल आए। इसी बीच अंधेरे का फायदा उठाकर बाकी बदमाश मौके से फरार हो गये। पूछताछ पर पकड़े गए बदमाश ने बताया कि वे गुरूग्राम से एक टैक्सी नंबर वाली कार से वाहनों की लूट के इरादे से दिल्ली में घूम रहे थे। पुलिस टीम ने एक और बदमाश की पहचान कर ली थी और अन्य बदमाशों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए मेवात में दबिश दे रही थी। इस मौके पर पुलिसकर्मियों की निर्भीकता के लिए शाबाशी देते हुए पुलिस आयुक्त ने कहा पुलिसकर्मियों को ऐसे मौकों पर स्वयं की रक्षा को भी प्राथमिकता देनी चाहिए।

फ्रीलांस पत्रकार अपर्णा कालरा पर हमला करने वाले बदमाश को दबोचने वाली पुलिस टीम सम्मानित



6 अप्रैल, 2017 को थाना भारत नगर इलाके में शाम के समय पार्क में घूमने गई एक महिला फ्रीलांस पत्रकार अपर्णा कालरा पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने घातक हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। फ्रीलाँस पत्रकार पर हमले की जानकारी मिलने पर उत्तर–पश्चिमी जिले के वरिष्ठ अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और थाना भारत नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की तफ्तीश शुरू की। महिला पत्रकार पर हुए हमले को समाचार पत्रों ने भी प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया। उत्तर–पश्चिमी जिला की कई टीमों ने इलाके में घूमने वाले संदिग्ध, आवारागर्द, स्कूल–ड्राप आऊट व नशेड़ी युवकों से गहन पूछताछ की। पुलिस टीम द्वारा बहुत सारे संदिग्धों से पूछताछ के आधार पर सावन पार्क झुग्गियों में रहने वाले स्कूल ड्राप एक 22 वर्षीय युवक पर संदेह हुआ। पूछताछ पर पता चला कि शराब के नशे में इस युवक ने महिला पत्रकार से बात करने का प्रयास करते हुए दोस्ती करने को कहा, पीड़ित युवती द्वारा मना किये जाने पर आरोपी युवक ने पत्थर उठा कर पीछे से महिला पत्रकार पर हमला कर दिया। त्वरित कार्यवाही कर मामले को सुलझाने वाली पुलिस टीम को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने अपने कार्यालय में बुलाकर शाबाशी दी और इसी तरह उत्साह और ईमानदारी के साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री एस.बी.के सिंह, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री राजेश खुराना, उपायुक्त पुलिस श्री मिलिंद महादेव डूबरें, अतिरिक्त उपायुक्त पुलिस श्रीमती विजंयता आर्य** भी उपस्थित थी।

कुख्यात अन्तर्राज्यीय लुटेरों एवं कार लुटेरों के गिरोह का पर्दाफाश कर कई सनसनी खेज लूट व कार जैकिंग की वारदात सुलझाने वाली पुलिस टीम सम्मानित



31 मार्च 2017 को उत्तर–पश्चिमी जिला के थाना अशोक विहार व भारत नगर में तैनात **इंस्पेक्टर विरेन्द्र सिंह कदियान, इंस्पेक्टर आर.के. मान, एसआई संदीप, हैकां. विशाल शर्मा, हैकां. धर्मेन्द्र, कां. परवीन, कां. नीरज व कां. रजनीश** की टीम को दिल्ली व गुड़गांव में हुई कई सनसनीखेज लूटपाट कार जैकिंग की वारदातों को सुलझाने पर पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने पुलिस मुख्यालय में हौसला अफजाई की। इस मौके पर विशेष पुलिस आयुक्त श्री एस.बी.के. सिंह, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री राजेश खुराना, उपा.पुलिस श्री मिलिंद महादेव डुंबरे व सहायक आयुक्त पुलिस श्री विकास कुमार भी उपस्थित थे पुलिस टीम ने एक संदिग्ध वरना कार में सवार दो बदमाशों नरेन्द्र उर्फ छोटू व निखिल चौधरी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से न केवल पिस्टल व रिवाल्वर, पिस्टल मैगजीन, जिंदा कारतूस भारी मात्रा में भारतीय मुद्रा, यूएस डालर, पाउंड, यूरो व 1 लाख रूपये मूल्य की सोने की चैन बरामद करने में शानदार सफलता अर्जित की थी। इन दोनों बदमाशों से हुई पूछताछ के बाद थाना अशोक विहार, प्रसाद नगर, बुराड़ी व आईपी स्टेट में हुई लाखों की लूटपाट व थाना गुड़गांव व थाना डीएलएफ में हुई कार जैकिंग की वारदातों को भी सुलझाया जा सका।

पशु चोरों के साथ हुई मुठभेड़ में साहस व सूझबूझ का परिचय देने वाले पीसीआर पुलिसकर्मी पुलिस आयुक्त द्वारा प्रोत्साहित व सम्मानित



5 अप्रैल, 2017 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने पीसीआर की दो गाड़ियों पर तैनात **एएसआई सुभाष, हैडकां0 अजीत सिंह, कां0 (चालक) विनोद व कां0 (चालक) कुलदीप** को अपने कार्यालय में बुलाकर साहस और उत्कृष्ट सूझबूझ के लिए प्रोत्साहित करते हुए उचित पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की। इस अवसर पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री दीपेन्द्र पाठक** एवं **उपायुक्त पुलिस पीसीआर श्रीमती मोनिका भारद्वाज** भी उपस्थित थीं। 2–3 अप्रैल की रात पुलिस नियंत्रण कक्ष को सूचना मिली थी कि पश्चिम विहार इलाके में राजस्थान नं0 की एक टाटा–407 टैम्पों में गाय चढ़ाई जा रही हैं। सूचना मिलने पर पीसीआर तत्काल मौके पर पहुंची तो केशवपुरम नाला के पास टैम्पों दिखाई देने पर पीसीआर वैन ने टैम्पों को रोकने का प्रयास किया। टैम्पों चालक ने रूकने के बजाय टैम्पों रघुवीर नगर की तरफ दौड़ा कर भागने का प्रयास किया। पहली पीसीआर वैन पर तैनात एएसआई सुभाष व कां0 विनोद ने मदद के लिए दूसरी पीसीआर वैन को कॉल किया। दूसरी पीसीआर वैन पर तैनात हैडकां0 अजीत सिंह व कां0 चालक विनोद ने भी सूचना के आधार पर टैम्पों का पीछा शुरू किया। टैम्पों चालक ने दुस्साहस दिखाते हुए पेसिफिक मॉल के निकट लगी पुलिस पिकेट के बैरिकेड व एक पीसीआर वैन को टक्कर मारते हुए भागने का हरसंभव प्रयास किया। परिस्थितियों के अनुसार एएसआई सुभाष ने सूझबूझ से काम लिया और टैम्पों 407 के टायर पर फायरिंग कर उसे पंचर कर दिया। टैम्पों के बायीं तरफ टायर में गोली लगने के बावजूद टैम्पों चालक टैम्पों को टिम्बर मार्केट, कीर्ति नगर की तरफ ले भागा। पीसीआर कर्मियों द्वारा लगातार पीछा किये जाने से घबराये टैम्पों चालक शाहिद व उसके साथी उमर ने पैदल भागना शुरू कर दिया। पीसीआर कर्मियों ने भी बिना किसी संकोच और भय के दोनों पशु चोरों का पीछा कर उन्हें दबोच लिया और उनके कब्जे से एक देशी पिस्टल व 10 जिंदा कारतूस बरामद करने में सफलता अर्जित की। इस संबंध में थाना पश्चिमी विहार में मामला दर्ज कर टैम्पों में लादी गई 5 गायों को श्री कृष्ण गौशाला में भेज दिया गया।

कैश कलेक्शन एजेंट कंपनी का ड्राइवर व उसका साथी लगभग 32 लाख रुपये की लूट के आरोप में गिरफ्तार



पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने 12 अप्रैल, 2017 को बाहरी जिला की एक पुलिस टीम को मियांवाली नगर इलाके में एक कैश वैन से हुई लगभग 32.5 लाख रुपये की लूट की वारदात सुलझाने पर बधाई दी। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री पी.कामराज, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री सतीश गोलचा, उपायुक्त पुलिस श्री एम.एन तिवारी, एसीपी श्री राजबीर सिंह मलिक** के अलावा पुलिस टीम के सदस्य **इंस्पेक्टर यशवीर सिंह, इंस्पेक्टर के.बी.झा, इंस्पेक्टर माधव कृष्ण, एएसआई प्रेमचंद, एएसआई दलबीर सिंह, हैडकां0 राजेन्द्र सिंह, हैडकां0 वेदप्रकाश, कां0 लोकेश, हैडकां0 देवेन्द्र, हैडकां0 संदीप दहिया, कां0 सुधीर, कां0 विनोद तथा कां0 वीरेन्द्र** भी मौजूद थे। यह कैश वैन लोजिकेश प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की थी, जो कमीशन के आधार पर विभिन्न संस्थाओं/एनडीपीएल तथा शराब की दुकानों से कैश एकत्रित कर उनके बैंक खातों में जमा कराती थी। 30 मार्च, 2017 को कैशवैन का चालक जो पिछले 5/6 माह से छद्म वेषधारण कर कंपनी में नौकरी कर रहा था मौका पाकर अपने एक अन्य साथी के साथ 32.5 लाख रुपये लूट कर फरार हो गया था। पुलिस टीम कई दिनों की निरंतर कड़ी मेहनत के बाद आरोपी की वास्तविकता का पता लगाने, उसके साथी की पहचान करने और लूटी गई रकम में से 25 लाख रुपये बरामद करने में कामयाब रही। पुलिस टीम द्वारा अपनाई गई शानदार पेशेवर निपुणता और कर्तव्यनिष्ठा को काफी सराहा गया।

चुनावों के दौरान लगभग सवा करोड़ रुपये की नई मुद्रा बरामद करने वाली पुलिस टीम सम्मानित



दिल्ली में चुनावों की प्रक्रिया शुरू होने के दौरान उत्तर–पूर्वी जिला के थाना सीलमपुर पुलिस की पुलिस टीम ने पिकट चैकिंग के दौरान लगभग सवा करोड़ रुपये की मुद्रा बरामद करने में शानदार सफलता अर्जित की। 24 मार्च, 2017 को सीलमपुर थाने की एक टीम मछली फार्म के निकट वाहनों की चैकिंग कर रही थी कि एक कार में सवार दो लोगों को रोक कर उनकी जाँच की तो उनके कब्जे सें 50 लाख रुपये बरामद हुए। इसी दौरान टीम ने एक अन्य वाहन को रोक कर उसकी जाँच की तो उसमें सवार एक व्यक्ति से 25 लाख रुपये तथा दूसरे व्यक्ति से 50 लाख 30 हजार रुपये बरामद हुए। इसके अलावा कुछ हस्ताक्षरयुक्त और कुछ बिना हस्ताक्षर के चैकबुक भी बरामद हुई। कुल 1,25,30,000 रुपये की इस रकम में 100, 500 व 2000 के नोट शामिल थे। पुलिस टीम ने इस संबध में सभी संबंधित अधिकारियों को तत्काल सूचित कर अपने कर्तव्य का पालन किया। पुलिस टीम की इस कार्यवाही को विशेष पुलिस आयुक्त श्री एस.बी.के.सिंह तथा संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री रवीन्द्र यादव ने काफी सराहा और टीम को समुचित पुरस्कार से सम्मानित करने का आश्वासन दिया।

प्रतिभाओं के धनी हमारे नौनिहाल

स्केटिंग का उभरता खिलाड़ी आदित्य यादव



पुलिस मुख्यालय में तैनात **हैडकां0 देवेन्द्र सिंह यादव** के सुपुत्र **आदित्य यादव** ने अखिल भारतीय विद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाली विभिन्न स्केटिंग प्रतियोगिताओं में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई हैं। रोहिणी सैक्टर–14 स्थित लॉसर कॉवेंट स्कूल में सातवीं कक्षा के छात्र आदित्य ने न केवल स्केटिंग की प्रतियोगिताओं में अपनी मजबूत खेल भावना का परिचय दिया है बल्कि अपनी कक्षा में भी श्रेष्ठ स्थान प्राप्त कर अपने शिक्षकों का विश्वास अर्जित किया है। सर्वांगींण प्रतिभा का धनी आदित्य इस जुनून के साथ कड़ी मेहनत करता है कि स्केटिंग के क्षेत्र में देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी उसकी प्रतिभा का परचम लहराये। अभी हाल में सम्पन्न हुई अखिल भारतीय स्कूल रॉलर स्केटिंग चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर अपने अभिभावकों एवं अध्यापकों का मस्तिष्क उँचा किया है।

प्रतिभाओं की धनी आरुषी ने बचपन में ही अपना लक्ष्य तय कर लिया– आईपीएस अधिकारी बनने का



पुलिस मुख्यालय में तैनात **एएसआई ओमप्रताप सिंह** की सुपुत्री **आरूषी** स्कूली शिक्षा ग्रहण करने के साथ–सथ संगीत गुरू सुश्री संचारी भटट्ाचार्यजी से अपनी अभिरूचि के अनुरूप क्लासिकल संगीत की भी शिक्षा हासिल कर रही है। छठी कक्षा में पढ़ने वाली आरूषी ने जिला व जोनल स्तर पर शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार द्वारा आयोजित संगीत प्रतियोगिता (सेमी क्लासिकल वोकल) में अपने मधुर संगीत से श्रोताओं का मन मोहते हुए द्वितीय पुरस्कार व रजत पदक हासिल किये हैं। इससे पूर्व मुक्ताधारा ऑडिटोरियम, गोल मार्केट, नई दिल्ली में सुश्री आरूषी एवं उसकी सहयोगियों द्वारा प्रस्तुत एक कार्यक्रम का दिल्ली दूरदर्शन पर भी प्रसारण हुआ था। विलक्षण एवं बहुमुखी प्रतिभा की धनी आरूषी अपनी स्कूली शिक्षा व संगीत की शिक्षा के साथ–साथ चित्रकारी में भी गहन रूचि रखती हैं और चित्रकारी प्रतियोगिताओं में भी कई पुरस्कार प्राप्त कर चुकी हैं। मदर्स ग्लोवल स्कूल, प्रीत विहार के अध्यापकों की प्रिय छात्रा आरूषी का लक्ष्य आईपीएस अधिकारी बनने का है।

अपने बच्चों के सर्वांगींण विकास और उज्ज्वल भविष्य के लिए कितना कड़ा परिश्रम करते है उनके अभिभावक –उसका एक अनुकरणीय उदाहरण है हैडकां0 नवनीत खरब



अपने बच्चों का उज्जवल भविष्य बनाने के लिए अभिभावक जीवन पर्यंत कितनी कड़ी मेहनत करते हैं उसका एक अनुकरणीय उदहारण प्रस्तुत किया है पीटीएस द्वारका में तैनात **हैडकां0 नवनीत खरब** ने। हैडकां0 नवनीत खरब का सुपुत्र **रवित खरब** नजफगढ़ स्थित हॉली क्रॉस स्कूल की 5वीं कक्षा में पढ़ता हैं और विद्यालय स्तर पर हुई लगभग 45 अन्तर्राज्जीय प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय या तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने शिक्षकों और आस–पड़ोस में सम्मानजनक स्थान प्राप्त किया है। छोटी सी आयु में तैराकी के मैदान में अपनी विशेष छाप छोड़ने वाले रवित खरब ने 7 अप्रैल, 2017 को आयोजित मैथ ऑलपियन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर अपनी विलक्षण प्रतिभा का परिचय दिया है। हैडकां0 नवनीत खरब या उनकी धर्मपत्नी सुविधानुसार प्रतिदिन प्रातः 4 बजे अपने पुत्र रवित खरब को नजफगढ़ से लेकर ठीक 5 बजे तालकटोरा स्टेडियम में पहुँच जाते हैं और 3 घंटे के अभ्यास के बाद उसे उसके स्कूल छोड़ते हैं। इसी तरह ठीक शाम 5 बजे पुनः अपने पुत्र को तालकटोरा स्टेडियम में पहुंचने वाले उदयीमान तैराक रवित खरब के अभिभावक उसे रात 8 बजे लेकर वापिस घर पहुचंते हैं। पिछले कई वर्षो से तक निरंतर इस प्रक्रिया को दोहराने वाले हैडकां0 नवनीत खरब का केवल यही सपना है कि उनका सुपुत्र दिल्ली पुलिस परिवार और देश का नाम रोशन करें।

सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को पुलिस परिवार की हार्दिक शुभकामनाएं

जनवरी–2017 के दौरान दिल्ली पुलिस की विभिन्न जिला/इकाईयों से 134 पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त हुए हैं। इनमें से 22 पुलिसकर्मियों ने स्वेच्छा से सेवानिवृत्ति ली है। दिल्ली पुलिस परिवार सेवानिवृत्त होने वाली सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों के अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करता है। **माह जनवरी 2017 में सेवानिवृत पुलिसकर्मी:** इंस्पेक्टर बलबीर सिंह साहनी, इंस्पेक्टर हरपाल सिंह, एसआई राजेन्द्र कुमार, एसआई राजपाल सिंह, एसआई अरविन्द कुमार, एसआई वाहिद खान, एसआई जुगेन्द्र सिंह, एसआई सहदेव सिंह व एसआई छेदी ओरॉन (विशेष शाखा) एसआई ब्रिजपाल सिंह, एसआई महकार सिंह व एसआई देवेन्द्र कुमार (विशेष प्रकोष्ठ), एसआई सुरेश कुमार, एसआई महेन्द्र कुमार व एएसआई विरेन्द्र सिंह (दक्षिण–पूर्वी जिला), एसआई सुरेश कुमार, एएसआई आनंद प्रकाश, एएसआई हरमेश पाल, व कां0 जगदीश प्रसाद (दक्षिण–पूर्वी जिला), एसआई गोपी चंद एसआई हरबीर सिंह, महिला हैडकां0 शारदा शर्मा, व एमटीएम अलोक बाला (उत्तर पूर्वी जिला), एसआई वेदपाल, एएसआई महाबीर सिंह, एएसआई राजबाला, एएसआई राजेन्द्र सिंह, एएसआई इरफान अहमद खान (रोहिणी), एसआई बलविन्दर सिंह, एएसआई ब्रहम सिंह, एसआई शिवाजी सिंह, हैडकां0 लखी सिंह व हैडकां0 कवंरजीत सिंह, एसआई कमल सिंह व एएसआई कमल सिंह (पश्चिमी जिला), इंस्पेक्टर सुरेन्द्र पाल व एसआई महेन्द्र सिंह (प्रथम वाहिनी), एसआई रामबीर सिंह, एसआई राजकुमार, एसआई शोराज सिंह, एसआई निरंजन सिंह, एमटीएस काले व एमटीएस राय सिंह (पूर्वी जिला), एसआई राजकपूर व एसआई रामेश्वर सिंह (द्वितीय वाहिनी), इंस्पेक्टर विरेन्द्र कुमार जोशी, एसआई विरेन्द्र सिंह, एएसआई जनकराज, एसआई विजय सिंह ,एसआई राजेन्द्र सिंह तथा हैडकां0 ब्रहमदत्त (ट्रैफिक), एसआई प्रहलाद सिंह, एएसआई दुर्वेश कुमार व एएसआई रणबीर सिंह (एफआरआरओ), एसआई उदयपाल सिंह (डीईसेल), इंस्पेक्टर ओमप्रकाश, इंस्पेक्टर रमेश कुमार ठाकुर, एसआई रामेश्वरदास (उत्तर–पश्चिमी जिला) एसआई राधेश्याम (विशेष इकाई महिला एवं बाल), एसआई ब्रहम प्रकाश, एसआई अली मोहम्मद तथा एमटीएस मनोहर लाल (दक्षिणी जिला), इंस्पेक्टर विजय पाल सिंह, इंस्पेक्टर सुभाशचंद, इंस्पेक्टर जोसफ जी, एसआई तरवीर सिंह, एसआई सत्य नारायण, एएसआई नरेन्द्र कुमार (संचार शाखा), एसआई राजबीर सिंह, एसआई चरणपाल, एसआई लखबीर सिंह, एसआई लक्ष्मण सिंह, एसआई ओमबीर सिंह, एसआई भूपेन्द्र सिंह, एसआई हिम्मत सिंह, एसआई विरेन्द्र नाथ राय, एसआई रोहताश कुमार, एसआई रामकुमार, एसआई राजपाल सिंह, एसआई राजबीर सिंह, एएसआई रविन्द्र सिंह, हैडकां0 दलबीर सिंह, हैडकां0 आसिफ सलमान खान, महिला एएसआई कमलेश कुमारी, एसआई सतबीर सिंह तथा हैडकां0 सुरेश कुमार (सुरक्षा शाखा), एसआई जयदेवेन्द्र, एसआई कृष्ण लाल, एसआई नंदराम, एसआई श्रीप्रकाश, एसआई शिवनारायण, एसआई रविदत्त, एसआई भूलेराम, एसआई बलवान, एसआई राजकंवर, एएसआई राजकुमार, एएसआई विजयपाल सिंह, एएसआई महाबीर सिंह, एएसआई अम्बर खान, एएसआई ब्रहम सिंह, एएसआई प्रदीप कुमार, एएसआई रमेशचन्दर, एएसआई धर्मबीर सिंह, एएसआई नाहर सिंह, हैडकां0 मदन सिंह, हैडकां0 नरेश कुमार तथा कां0 धर्मपाल (पीसीआर), एसआई जीत सिंह, एसआई हरेराम सिंह, एसआई राजेन्द्र सिंह, एएसआई राजवीर सिंह मलिक (पीटीसी) एसआई मनोहर लाल, एसआई ईश्वर चंद, महिला एएसआई कमला देवी तथा एमटीएस सूरत सिंह (उत्तरी जिला), एसआई राजबीर सिंह तथा एएसआई कृष्णलाल (अपराध शाखा), इंस्पेक्टर कमल सिंह तथा महिला एएसआई राजबाला (बाहरी जिला), एसआई रमेश कुमार तथा एएसआई उमेद सिंह (पीएंडएल), एएसआई कुलदीप सिंह, हैडकां0 एस.सहदेवन, कां0 रविन्द्रनाथ शर्मा तथा एमटीएस चन्दर सिंह (मध्य जिला)।

स्थानांतरण

3 मार्च, 2017 को पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी आदेशानुसार अधोलिखित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के स्थानांतरण किये गये हैं। स्थानांतरित होने वालों में शामिल हैं: **श्री संजय बेनीवाल** विशेष पुलिस आयुक्त (परिचालन) से विशेष पुलिस आयुक्त (महिला सुरक्षा, एयरपोर्ट तथा आधुनिकीकरण), **श्री आर.एस.कृष्णैया** विशेष पुलिस आयुक्त (सशस्त्र पुलिस एवं भर्ती) से विशेष पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं भर्ती, **श्री संजय सिंह** संयुक्त पुलिस आयुक्त (उत्तरी परिक्षेत्र) से पदोन्नति के बाद विशेष पुलिस आयुक्त सशस्त्र पुलिस एवं प्रशिक्षण **श्री दीपेन्द्र पाठक** संयुक्त पुलिस आयुक्त (दक्षिण–पश्चिमी परिक्षेत्र) से पदोन्नति के बाद विशेष पुलिस आयुक्त परिचालन–प्रमुख पुलिस प्रवक्ता एवं सीसीटीएनएस प्रोजक्ट के नोडल ऑफिसर, **श्री सतीश गोलचा** संयुक्त पुलिस आयुक्त (पूर्वी परिक्षेत्र) से संयुक्त पुलिस आयुक्त दक्षिण–पश्चिमी परिक्षेत्र, **श्री प्रवीर रंजन** संयुक्त पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) से संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध, **श्री रोबिन हिबू** संयुक्त पुलिस आयुक्त (विशेष इकाई महिला एवं बाल) से संयुक्त पुलिस आयुक्त परिचालन, **श्री राजेश खुराना** संयुक्त पुलिस आयुक्त (विशेष शाखा) से संयुक्त पुलिस आयुक्त (उत्तरी परिक्षेत्र), **श्री रवीन्द्र यादव** संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) से संयुक्त पुलिस आयुक्त (पूर्वी परिक्षेत्र), **श्री डेविड लालरिंसांगा** संयुक्त पुलिस आयुक्त (सतर्कता) से संयुक्त पुलिस आयुक्त (विशेष इकाई महिला एवं बाल), **श्री के.के.व्यास** अति.आ.पुलिस (अपराध अस्थाई प्रभार) से अति0पु0आ0 लाइसेसिंग, **श्री विक्रमजीत सिंह** उपायुक्त पुलिस (प्रथम वाहिनी) से उपायुक्त पुलिस मुख्यालय एवं सामान्य प्रशासन, **श्री आर.एस.चौहान** उपायुक्त पुलिस (चौथी वाहिनी) से प्रथम वाहिनी, **श्री राजकुमार सिंह** (पीसीआर) से उपायुक्त पुलिस (सुरक्षा पीएम), **श्रीमती मोनिका भारद्वाज** सीसीएल से वापिस उपायुक्त पुलिस पीसीआर, **श्री प्रमोद सिंह कुशवाह** उपायुक्त पुलिस (स्पेशल सेल) से उपायुक्त पुलिस द्वितीय वाहिनी, **श्री राजीव रंजन** उपायुक्त पुलिस (आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ) से एस.ओ.टू सीपी तथा **श्री मोहन सिंह बैस** अति.उपा. पुलिस (सतर्कता) से अति. उपा.पुलिस विशेष शाखा। अप्रैल माह में **श्री ताज हसन** विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) को प्रतिनियुक्ति पर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के लिए पदमुक्त किया गया।

श्रद्धांजलि

जनवरी, फरवरी व मार्च 2017 के दौरान दिल्ली पुलिस के 50 पुलिसकर्मियों की सेवाकाल के दौरान विभिन्न कारणों से असमय मृत्यु हो गई। असमय बिछुड़ गये अपने इन साथियों को दिल्ली पुलिस परिवार अपनी भाव–भीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है और उनके आश्रितों के प्रति अपनी संवदेना प्रकट करता है। **माह जनवरी में दिवंगत पुलिसकर्मी:** एएसआई रामेश्वर लाल व हैडकां0 चांदपाल सिंह (सुरक्षा), एसआई विनोद कुमार (रोहिणी), एसआई सुरेन्द्र सिंह (पीएंडएल), एसआई सुरेश कुमार व हैडकां0 रामनिवास (ट्रैफिक),एसआई प्रदीप कुमार (पीटीसी), एएसआई रामनिवास, एएसआई बिजेन्द्र सिंह, एएसआई देवीराम (दक्षिण–पूर्वी जिला), एएसआई रणधीर सिंह व हैडकां0 मुकेश कुमार (उत्तर–पश्चिमी जिला), एसआई देवेन्द्र सिंह (दक्षिण–पश्चिमी जिला), एएसआई शीशपाल व कां0 ओंकार सिंह (दक्षिणी जिला), एएसआई सुरेन्द्र कुमार (पीसीआर), एएसआई ज्ञानचंद (उत्तर–पूर्वी जिला), कां0 दलबीर सिंह (पांचवीं वाहिनी), एएसआई जयवीर सिह (सातवीं वाहिनी) तथा कां0 सुखबीर सिंह (मध्य जिला)। **फरवरी माह में दिवंगत पुलिसकर्मी** :–महिला इंस्पेक्टर वंदना चंडोक (विशेष इकाई महिला एवं बाल) एसआई सुरेश कुमार (संचार शाखा), एएसआई एलेंज्डर, एएसआई हरीश कुमार, हैडकां0 आनंद कुमार व कां0 विजेन्द्र कुमार (पीसीआर), एएसआई राजेन्द्र कुमार (दक्षिण–पश्चिमी जिला), एएसआई सुधन सिंह, एएसआई सुरेन्द्र सिंह व हैडकां0 अशोक कुमार (पश्चिमी जिला), हैडकां0 वीर सिंह (पीटीसी), हैडकां0 मोती लाल (पूर्वी जिला), हैडकां0 कपूर सिंह खत्री (उत्तर–पश्चिमी जिला), हैडकां0 सुखदेव सिंह (रोहिणी), कां0 सियाराम व कां0 जसमेर सिंह (मध्य जिला) तथा कां0 रविन्द्र (ट्रैफिक)। **मार्च माह में दिवंगत पुलिसकर्मी** :– एसआई भरत सिंह (दक्षिण–पूर्वी जिला), एएसआई सुभाष कुमार (नई दिल्ली जिला), एएसआई भूप सिंह व हैडकां0 सतनारायण (पीसीआर), हैडकां0 संजय कुमार व हैडकां0 अजयवीर सिंह (पूर्वी जिला), हैडकां0 नरेन्द्र कुमार (दक्षिण–पश्चिमी जिला), हैडकां0 सुरेश कुमार (दक्षिणी जिला), कां0 अंशू (उत्तर–पश्चिमी जिला), हैडकां0 देवराज व कां0 रामकिशन (सुरक्षा शाखा) तथा कां0 ओमपाल (सातवीं वाहिनी)।

31 मार्च 2017 को सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारीगण



सं.पु.आ. श्री वी. रंगनाथन
(स्पेशल सेल)



अति.उपा.पु. श्री एस.के. गिरि
(सुरक्षा)



अति.उपा.पु. श्री जयभगवान
(पीसीआर)



एसीपी श्री बलवंत सिंह
(उत्तरी जिला)



एसीपी श्री धर्मबीर सिंह
(रोहिणी जिला)



एसीपी श्री दिनेश शर्मा
(पीसीआर)



एसीपी श्री जयवीर सिंह
(सुरक्षा)



एसीपी श्री प्रताप सिंह
(चतुर्थ वाहिनी)

30 अप्रैल 2017 को सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारीगण



अति.उपा.पु. श्री रवि शंकर
(पीटीसी)



एसीपी श्री निरंजन सिंह
(राष्ट्रपति भवन)



एसीपी श्री दयानंद सिंघल
(सुरक्षा)



एसीपी श्री विक्रम सिंह
(आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ)



एसीपी श्री जगवीर सिंह
(डीई सेल)



एसीपी श्री विनोद कुमार
(स्पेशल ब्रांच)



एसीपी श्री सुरेश कुमार
(सुरक्षा)

हमारी आचार संहिता

हमें यह बात समझ लेनी चाहिए कि हमारे कार्य की सफलता जनता से तुरंत सहयोग मिलने पर ज्यादा निर्भर करती है। जनता का सहयोग और उनका विश्वास जीतने की हमारी क्षमता व अपने कार्य के प्रति उनका समर्थन जुटा पाने की योग्यता हमारे व्यवहार और आचरण पर निर्भर है।



सम्पादक

सम्पादक : श्री राजीव रंजन उपायुक्त पुलिस (पुलिस आयुक्त के स्टाफ ऑफिसर)
सह-सम्पादक : निरीक्षक सतबीर सिंह, पुलिस मुख्यालय, नई दिल्ली।



सह-सम्पादक